दिनांक 2 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान　　　　　　　　　　　　　　　　　　स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

लाॅकडाउन के दौरान एवं ग्रीष्म ऋतु में पेयजल व्यवस्था दुरूस्त रखने जल विभाग की कयावद है जारी

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के क्षेत्रों में सुचारू रूप से जल प्रदाय करने के लिए निगम के जल विभाग के अधिकारी जुटे हुए हैं जल शुद्धीकरण से संबंधित सामग्री की कमी न हो इसको खास तवज्जो दी जा रही है ताकि शुद्ध पेयजल शहर की जनता को दिया जा सके इसके लिए ब्लीचिंग, चूना, एलम एवं क्लोरीन की व्यवस्था की जा रही है! कोविड - 19 कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए 24 मार्च 2020 की रात्रि 12 बजे से 21 दिन तक पूर्णतः लाॅकडाउन किया गया है। नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने एवं नागरिकों को पेयजल प्रदाय प्रतिदिन सुनिश्चित करने निगम का अमला सक्रिय है। जलशोधन संयंत्र विभाग के कर्मचारी संपूर्ण भिलाई निगम क्षेत्र में जलप्रदाय हेतु कार्यरत् है। लॉक डाउन के दौरान निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने जल प्रदाय व्यवस्था दुरूस्त रहे इसके लिए आर.के. साहू, अधीक्षण अभियंता एवं सत्येन्द्र सिंह अधीक्षण अभियंता को इसकी जिम्मेदारी दी है। ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए जल विभाग के अधिकारियों द्वारा पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखने का कार्य किया जा रहा है तथा नई टंकियों को 66 एमएलडी जोड़ने के लिए कई स्थानों पर इंटरकनेक्शन का कार्य किया गया है! निर्माणाधीन 12 ओवरहेड टैंक में से अधिकतर टंकिया निर्मित हो चुकी है! निर्मित हो चुकी टंकियों की टेस्टिंग की जा रही है ताकि आने वाले समय में सुचारू रूप से जल प्रदाय हो सके!

जनसम्पर्क अधिकारी